Ch 5

प्रश्न 1. ऊँची आवाज़ में पढ़िए और अपनी कॉपी में लिखिए :

(1) क्ष रक्षक रक्षा पक्षी

(2)त्र पत्र नेत्र पुत्र

(3)ज्ञ आज्ञा ज्ञान प्रज्ञा

(4) श्र श्रम परिश्रम विश्राम

प्रश्न 2. पढ़िए और अपनी कापी में लिखिए:

(1) क्ख मक्खन मक्खी

(2) च्छ मच्छर मगरमच्छ

(3) ट्ठ⟶ चिट्ठी गट्ठर

प्रश्न 3. निम्नलिखित अंश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

कुछ अजब, कुछ गजब

● अगर आप कभी गौर करेंगे तो आपको पता चलेगा कि छोटे बच्चे अपनी पलकों को एक मिनट में औसतन एक से दो बार झपकाते हैं, जबकि वयस्कों में यही संख्या करीब 10 होती है। ● हमारे शरीर को एक वक्त का खाना पचाने या हजम करने में करीब 12 घंटों का समय लगता है। ● क्या आपको पता है कि हमारे यानी मानव शरीर में नाक व कान दो ऐसे अंग हैं जिनका आकार पूरे जीवनकाल तक बढ़ता ही रहता है।

(1)छोटे बच्चे और वयस्कों की पलकें झपकने में क्या अंतर है?

➢ छोटे बच्चों की पलकें एक मिनट में एक-दो बार झपकती हैं,जबकि वयस्कों की पलकें एक मिनट में करीब दस बार झपकती हैं।

(2) हमारे शरीर को कौन-सा कार्य करने में 12 घंटे लगते है?

➢ हमारे शरीर को एक वक्त का खाना हज़म करने में 12 घटे लगते हैं।

(3) शरीर के ऐसे कौन-से दो अंग है जो पूरे जीवनकाल तक बढ़ते रहते हैं?

➢ हमारे शरीर के नाक और कान ऐसे दो अंग है जो पूरे जीवनकाल तक बढ़ते रहते हैं।

प्रश्न 4. कोई बहुत धीरे चलता है तो लोग कहते हैं 'यह कछुए की चाल ल रहा है।' अब तुम बताओ कि तेज चाल चलनेवाले को क्या कहोगे?

➢ तेज चाल चलनेवाले को 'हवा की चाल' कहेंगे।

प्रश्न 5. चिड़ियाघर में जाकर क्या-क्या नहीं करना चाहिए?

➢ चिड़ियाघर में जाकर -

(1) पिंजरे के नजदीक नहीं जाना चाहिए।

(2) शोरगुल नहीं करना चाहिए।

(3) जानवरों को चिढ़ाना नहीं चाहिए।

(4) जानवरों की ओर कंकड़ या खाना नहीं फेंकना चाहिए।

प्रश्न 6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(1) चिड़ियाघर की सैर के लिए कौन-कौन आए थे?

➢ चिड़ियाघर की सैर के लिए गीता और उसके दादाजी आए :

(2) बंदर को लोग क्या खिला रहे थे?

➢ बंदर को लोग मूंगफली और केले खिला रहे थे।

(3) लंगूर का मुंह कैसा होता है?

➢ लंगूर का मुंह काला होता है।

(4) तालाब में क्या था?

➢ तालाब में रंगबिरंगी मछलियाँ और बतख थीं ।

(5) गीता ने किसे पत्थर बताया?

➢ गीता ने कछुए को पत्थर बताया।

(6) कछुए का रक्षक क्या है?

➢ कछुए का रक्षक उसका आवरण है।

(7) विदेशी पक्षी का नाम क्या है?

➢ विदेशी पक्षी का नाम 'काकातुआ' है।

(8) सबसे बड़े पक्षी का नाम लिखिए ।

- सबसे बड़ा पक्षी 'शुतुरमुर्ग' है।

प्रश्न 7. उदाहरण के अनुसार रेखांकित शब्दों की जगह उचित शब्द रखकर क्य पूरा कीजिए :

उदा., पेड़ पर बंदर लटक रहा है।

पेड़ पर बंदरिया लटक रही है।

(1) तालाब में हाथी नहा रहा है।

- तालाब में हथिनी नहा रही है।

(2) रेगिस्तान में ऊंट दौड़ रहा है।

- रेगिस्तान में ऊंटनी दौड़ रही है।

(3) जंगल में मोरनी नाच रही है।

- जंगल में मोर नाच रहा है।

(4) पिंजरे में शेर दहाड़ रहा है।

- पिंजरे में शेरनी दहाड़ रही है।

प्रश्न 8. नीचे दिए गए जंगल के दृश्य का वर्णन कीज



जंगल में बहुत सारे पेड़ दिखाई दे रहे हैं। उनमें से एक पेड़ पर बंदर है। यहाँ बहता हुआ झरना भी है। उसके एक किनारे लंबी गरदनवाला जिराफ और दूसरे किनारे हाथी खड़ा है। शेर पत्थर के नीचे छुपकर बैठा है हिरन पानी पी रहे हैं। बतख पानी में तैर रही है। जंगल में हरी घास भी दिखाई दे रही है। हरी घास पर खरगोश बैठा है। आकाश में पक्षी उड़ रहे हैं। यह जंगल का दृश्य बड़ा मनोहर है।

प्रश्न 9. चित्र के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(1) शेर जोर से गरजा।

(2) चिड़ियाघर में एक सींगवाला गैडा था।

(3) तालाब में बतख तैर रही थी।

(4) हरियल तोता टें-टें करता था ।